## खबर संक्षेप

### अरेरा कॉलोनी, गेहूंखेड़ा-वंदना नगर में कल बिजली कटौती

भोपाल। करीब 60 इलाकों में शनिवार को 30 मिनट से 7 घंटे तक बिजली कटौती होगी। यहां बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। जिन इलाकों में बिजली गुल रहेगी, उनमें अरेरा कॉलोनी, गेहूंखेड़ा, वंदना नगर, बाग सेवनिया, मेंडोरा, बैरागढ़ रोड, खानूगांव समेत कई बड़े रहवासी इलाके भी शामिल हैं। ऐसे में लोग जरूरी काम पहले से निपटा लें। ताकि, बिजली नहीं होने की वजह से उन्हें परेशान न होना पड़े। सुबह 6 से 6.30 बजे तक एम्बराल्ड कॉलोनी, बाग सेवनिया, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पिपलिया पेंदे खां एवं आसपास के इलाके। सुबह 8.30 से 10 बजे तक मछली बाजार, चंचल चौराहा, मिनी मार्केट, विष्णु भवन एवं आसपास। सुबह 9 से शाम 4 बजे तक यूनिहोम कॉलोनी, कांकरिया, इनायतपुर, किड्जी स्कूल, सेमरी, इमलिया, देहरी कलां, सुरैया नगर, अमरावत एवं आसपास के इलाके। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक रविशंकर नगर, रविशंकर मार्केट, इंद्रा मार्केट, ई-1 और ई-2, अरेरा कॉलोनी, रिजर्व बैंक, सात नंबर बस स्टॉप, बीजेपी ऑफिस एवं आसपास। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक अंसल ग्रीन, डी-मार्ट, जानकी अपार्टमेंट, फाइन एवेन्यू, गेहूंखेड़ा, तहसील कार्यालय, वंदना नगर, सेंट जोसेफ स्कूल, मधुबन हाइट्स, सांई रेजीडेंसी, ओम नगर, हलालपुर बस स्टैंड, बैरागढ़ रोड, आरके रेजीडेंसी, सिटी वॉक एवं आसपास के क्षेत्र। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक लक्ष्मी नगर, सुंदर नगर, रजत नगर, कल्पना नगर एवं आसपास के इलाके।

### 3 साल की बच्ची से रेप, स्कूल की मान्यता रद्द

भोपाल। भोपाल के जिस प्राइवेट स्कूल में 6 महीने पहले 3 साल की बच्ची से रेप हुआ था, उस स्कूल की सत्र 2025-26 के लिए मान्यता रिन्यू नहीं होगी। जिला शिक्षा केंद्र ने मान्यता रिन्यू के आवेदन को नामंजूर कर दिया है। इसके बाद गुरुवार रात में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने स्कूल का संचालन बंद करने के आदेश दिए हैं।

आदेश में कहा गया है कि स्कूल सत्र 2025-26 से शाला का संचालन नहीं कर सकेगा। ऐसे में यहां पहले से पढ़ने वाले बच्चे सरकारी या अन्य प्राइवेट स्कूल में एडमिशन ले सकते हैं। आरटीई के तहत प्रवेश लेने वाले बच्चों को अन्य सरकारी स्कूल में प्रवेश दिलाया जा सकेगा, जबकि अन्य छात्र-छात्राएं स्वयं के व्यय पर दूसरे स्कूल में प्रवेश ले सकते हैं। इस स्कूल में कुल 324 बच्चे पढ़ते हैं। पिछले साल सितंबर में स्कूल के टीचर ने ही 3 साल की बच्ची से रेप किया था। इस मामले में हंगामे के बाद स्कूल को सील कर दिया गया था।

# सौलह हजार निजी स्कूलों को फीस नियमों में मिली छूट

## 25 हजार से कम फीस, पोर्टल पर जानकारी अपलोड करना जरूरी नही

पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।

25 हजार रुपए से कम वार्षिक फीस वसूलने वाले निजी स्कूलों को अब स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर फीस संबंधी जानकारी अपलोड करना जरूरी नहीं होगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

विभाग ने साफ किया है कि जिन निजी विद्यालयों द्वारा 25 हजार रुपए से अधिक वार्षिक फीस वसूली जा रही है, उन्हें पोर्टल पर फीस संबंधी जानकारी अपलोड करना अनिवार्य होगा। इसके लिए अंतिम तिथि 15 मई तक बढ़ा दी गई है। साथ ही, यह भी कहा गया है कि बिना अनुमति और उचित कारण के फीस नहीं बढ़ाई जा सकेगी।

प्रदेश में कुल 34,652 निजी स्कूल हैं, जिनमें से लगभग 16,000 स्कूल ऐसे हैं जिनकी किसी भी कक्षा में वार्षिक फीस 25 हजार रुपए या उससे कम है। मध्य प्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम-2020 के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए निर्धारित फीस संरचना (कक्षा एवं संवर्गवार) की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है।



यह अधिनियम 31 जनवरी 2025 से प्रभावी हुआ है। शुरू में इसकी अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई थी।

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा बुधवार को जारी आदेश में बताया गया है कि कई विद्यालयों ने पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने में तकनीकी समस्याओं की जानकारी दी है। इसे ध्यान में रखते हुए अपलोड की समय सीमा 15 मई तक बढ़ा दी गई है।

### बिना अनुमति 10 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं फीस

इस अधिनियम में यह भी प्रावधान है कि विद्यालय 10त्न तक सालाना फीस वृद्धि बिना किसी पूर्व अनुमति के कर सकते हैं। इससे ज्यादा बढ़ाने के लिए संबंधित जिला समिति की अनुमति लेना आवश्यक होगा। यह प्रावधान इसलिए रखा गया है ताकि अभिभावकों पर अनावश्यक वित्तीय बोझ न पड़े।

नई उपधारा के तहत, जिन स्कूलों की वार्षिक फीस 25 हजार रुपए से कम है, वे इस अधिनियम के दायरे से बाहर रहेंगे। इसके अतिरिक्त, फीस नियमन एवं संबंधित विषयों के लिए जिला स्तर पर और राज्य स्तर पर समिति गठित की गई है, जो इन मामलों की निगरानी करेगी।

## भोपाल मंडल की 26 से अधिक ट्रेनें निरस्त, पंद्रह हजार से अधिक यात्रियों को होगी असुविधा

पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।

गोरखपुर मंडल में इंटरलॉकिंग कार्य के चलते भोपाल मंडल से गुजरने वाली 26 से अधिक ट्रेनें निरस्त रहेंगी। इसका असर भोपाल मंडल के 15,000 से अधिक यात्रियों पर पड़ेगा। उत्तर पूर्व रेलवे के गोरखपुर मंडल में गोरखपुर जंक्शन-गोरखपुर कैंट खंड के बीच तीसरी लाइन के इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों को अस्थायी रूप से निरस्त किया गया है। इस कार्य के चलते भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली कुल 26 प्रमुख ट्रेनें निर्धारित तिथियों में संचालन नहीं करेंगी। इस निर्णय का सीधा असर भोपाल मंडल के 15,000 से अधिक यात्रियों पर पड़ेगा, जो इन ट्रेनों से नियमित यात्रा करते हैं।

### यह ट्रेनें रहेंगी निरस्त

गाड़ी संख्या 11037 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस~ 2 मई 2025 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 11038 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस 19 अप्रैल एवं 3 मई 2025 को रहेगी। गाड़ी संख्या 12511 गोरखपुर-कोचुवेली एक्सप्रेस~ 27 अप्रैल, 1, 2 एवं 4 मई 2025 को रद्द रहेगी।गाड़ी संख्या 12512 कोचुवेली-गोरखपुर एक्सप्रेस~ 30 अप्रैल, 4, 6 एवं 7 मई 2025 को रद्द रहेगी।गाड़ी संख्या 12589 गोरखपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 30 अप्रैल 2025 को रद्द रहेगी।गाड़ी संख्या 12590 सिकंदराबाद-गोरखपुर एक्सप्रेसः 1 मई 2025 को रद्द रहेगी।गाड़ी संख्या 12591 गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेसः 26 अप्रैल 2025 को रद्द। रहेगी।गाड़ी संख्या 12592 सिकंदराबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस~ 28 अप्रैल 2025 को रद्द रहेगी।गाड़ी संख्या 12597 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज ट. एक्सप्रेसः 22 एवं 29 अप्रैल 2025 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12598 छत्रपति शिवाजी महाराज -गोरखपुर एक्सप्रेस~ 23 एवं 30 अप्रैल 2025 को रद्द रहेगी।गाड़ी संख्या 15017 लोकमान्य तिलक ट.ङ्कगोरखपुर एक्सप्रेस~ 27 अप्रैल से 3 मई 2025 तक प्रतिदिन रद्द रहेगी।गाड़ी संख्या 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक ट. एक्सप्रेस~ 27 अप्रैल से 3 मई 2025 तक प्रतिदिन रद्द रहेगी।

## जिपं सीईओ ने दिया जल संरक्षण का संदेश, महिलाओं के साथ निकाली कलश यात्रा

पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।

भोपाल के सेवनिया ओंकारा गांव में शुक्रवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी उपस्थित रहीं। उन्होंने ग्रामीणों को जल संरक्षण, संवर्धन एवं संचयन के प्रति जागरूक किया और लोगों से अपील की कि वे जल स्त्रोतों के संरक्षण की दिशा में निरंतर प्रयास करें।

### ग्रामीणों ने किया श्रमदान

अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, कुएं, बावड़ियां व अन्य पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण व जीर्णोद्धार का कार्य लोगों की भागीदारी से किया जा रहा है। वहीं कार्यक्रम में शामिल ग्रामीणों ने मिलकर श्रमदान किया।

जबकि महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर जल संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान सीईओ तिवारी गांव की महिलाओं के साथ कलश यात्रा में शामिल हुई और ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। उन्होंने स्वयं भी श्रमदान कर तालाब गहरीकरण कार्य में सहभागिता निभाई। जिपं के परियोजना अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद थे। सीईओ इला तिवारी ने ग्रामीणों से कहा कि जल संकट से निपटने के लिए हमें अभी से जागरूक होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि भू-जल का दोहन न हो, इसका संचय एवं संरक्षण भी हम सभी की जिम्मेदारी है।




## मंत्री राजपूत द्वारा 815.64 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।

प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री एवं प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा शुक्रवार को गुना के शासकीय महाविद्यालय चांचौड़ा बीनागंज में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण/ शहरी सशक्तिकरण और जनकल्याण को साकार करने 815.64 लाख लागत के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास /लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ मंत्री राजपूत द्वारा कन्या पूजन के साथ की गयी। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री राजपूत ने 815.64 लाख लागत के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास/ लोकार्पण किया। इस दौरान मंत्री श्री राजपूत ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत आंगनबाडी भवन निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पंचायत भवन ग्राम पंचायत झुकरा, सामुदायिक शौचालय, स्टापडेम निर्माण ग्राम पंचायत नारायणपुरा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत नलजल योजना तथा पोस्टल सब ऑफिस कुंभराज सहित कुल 26



कार्यों के लागत राशि 815.64 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास /लोकार्पण किया। इस दौरान मंत्री श्री राजपूत द्वारा 5 दिव्यांगों को ट्रायसाईकिल एवं व्हीलचेयर भी वितरित की गयी। इस अवसर पर विधायक चांचौड़ा श्रीमति प्रियंका पेंची अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित जनपद एवं पंचायत प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### गाय बचाने के चक्कर में एयर होस्टेस की जान गई

पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।

भोपाल में गुरुवार रात एक तेज रफ्तार कार कोलार नहर में गिर गई। हादसे में एअर इंडिया की एयर होस्टेस हर्षिता शर्मा (21) की मौत हो गई। वह अपने दो दोस्तों के साथ घूमने निकली थी। कार चला रहे दोस्त जय ने बताया कि सामने अचानक गाय आ गई, जिसे बचाने की कोशिश में कार बेकाबू होकर नहर में जा गिरी।

हर्षिता को गंभीर हालत में एक निजी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। हादसे में दो दोस्तों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने गाड़ी चला रहे जय के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का केस दर्ज किया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद धाराएं बढ़ाई जा सकती हैं।

## बैरसिया में डंडे से पीट-पीटकर युवक की हत्या

### शराब पार्टी के दौरान हुआ था विवाद, आधा दर्जन लोगों ने की वारदात

पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।

बैरसिया में गुरुवार रात एक मजदूर की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद के बाद आधा दर्जन युवकों ने उसे पीटा था। आरोपी और मृतक आपस में रिश्तेदार हैं। फिलहाल एक भी आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है। घटना गुरुवार रात की है। शुक्रवार सुबह पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

थाना प्रभारी अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि धनेश्वर यादव (50) मूलतः बिहार का रहने वाला था। फिलहाल वह ग्राम बवचिया थाना बैरसिया स्थित एक वेयर हाउस में



पल्लेदारी का काम करता था। उसका रिश्तेदार रंजीत यादव भी बिहार का रहने वाला है और पास के दूसरे गांव में स्थित वेयर हाउस पर काम करता है। गुरुवार रात रंजीत अपने चार-पांच साथियों को लेकर धनेश्वर यादव के पास पार्टी करने पहुंचा था। यहां उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

इस पर रंजीत ने अपने साथियों के साथ मिलकर धनेश्वर की लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। धनेश्वर को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां शुक्रवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस ने बताया कि झगड़े की सूचना के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची थी, लेकिन तब तक घायल धनेश्वर की मौत हो गई थी। उस पर हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं। आरोपी रंजीत और उसके साथियों की गिरफ्तारी के बाद ही घटना के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा

## हमीदिया में फ्री थ्रोम्बोलिसिस इलाज शुरू : 4.30 घंटे में हॉस्पिटल पहुंचा तो इंजेक्शन से ही ठीक हो जाएगा लकवे का मरीज

पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।

सीहोर निवासी 40 वर्षीय मोहन कुमार को सात दिन पहले अचानक दाएं हाथ-पैर में कमजोरी महसूस हुई और कुछ ही घंटों में वह पूरी तरह लकवाग्रस्त हो गए। परिजनों ने तुरंत उन्हें भोपाल के हमीदिया अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया। यहां न्यूरोलॉजी विभाग की टीम ने मरीज की जांच के बाद उन्हें थ्रोम्बोलिसिस प्रक्रिया के तहत एक विशेष इंजेक्शन (टेनेक्टेप्लेस) दिया। इंजेक्शन लगने के अगले ही दिन मरीज की हालत में सुधार आया और वो अपने पैरों पर खड़े होने में भी सक्षम हो गया। अब मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है। उसे गुरुवार शाम को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।




### मुफ्त थ्रोम्बोलिसिस इलाज की सुविधा शुरू

हमीदिया अस्पताल ने लकवे के मरीजों के लिए नई उम्मीद जगाई है। अब तक जो इलाज सिर्फ निजी अस्पतालों में उपलब्ध था, वो हमीदिया में भी शुरू किया गया है। खास बात यह कि इस थ्रोम्बोलिसिस इलाज के लिए जरूरी टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन मुफ्त मिल रहा है। यह दिमाग की नसों में जमे खून के थक्के (ब्लड क्लॉट) को तोड़ कर उसे घोल देता है। निजी अस्पतालों में यह इंजेक्शन 30 से 40 हजार रुपए में मिलता है।

### सिर्फ 4.30 घंटे में पहुंचे मरीज तो लगेगा इंजेक्शन

हमीदिया अस्पताल के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. आयुष दुबे बताते हैं कि स्ट्रोक (लकवा) के मामलों में समय ही जीवन है। मरीज को स्ट्रोक के 4 घंटे 30 मिनट के भीतर अस्पताल पहुंचाया जाए, तो इंजेक्शन से खून का थक्का आसानी से हटाया जा सकता है। साथ ही मरीज पूरी तरह ठीक हो सकता है। इसे गोल्डन पीरियड या विंडो पीरियड कहा जाता है। लकवे का मुख्य कारण यही थक्के होते हैं, जो दिमाग तक रक्त का प्रवाह रोक देते हैं। इंजेक्शन खून को दोबारा बहाव में लाकर मस्तिष्क को पहुंचाता है, जिससे लकवा धीरे-धीरे खत्म होने लगता है।

### ये लक्षण दिखें तो तुरंत अस्पताल जाएं

हाथ या पैर अचानक सुन्न या कमजोर हो जाना। बोलने में दिक्कत या आवाज का बिगड़ना। चेहरा टेढ़ा होना। चलने में लड़खड़ाहट। शारीरिक संतुलन खोना। 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोग। हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हाई कोलेस्ट्रॉल वाले मरीज। जिनकी धड़कन अनियमित रहती है।

## केरवा डैम के कैचमेंट एरिया से अतिक्रमण हटाया



पीपुल्स प्रवक्ता,भोपाल

भोपाल के केरवा डैम के कैचमेंट एरिया में शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। डैम के अंदर ही सड़क बना दी गई थी। जिसे जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग ने हटा दिया।

डैम के पास स्थित महुआखेड़ा में यह कार्रवाई हुई। यहां पर बड़े पैमाने पर अवैध कोपरा और मिट्टी भराव किया जा रहा था। ताकि, बाद में फॉर्म हाउस या प्लाटिंग की जा सके। सड़क भी बनाई जा रही थी। इस पर एनजीटी में आपत्ति भी दर्ज की गई थी। वहीं, जैव विविधता पर प्रभाव डाले जाने का भी आशंका था। इसके चलते ही शुक्रवार को हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। ताकि, किसी प्रकार का हंगामा न हो सके।